# रेरा ने जारी की निबंधित प्रोजेक्ट और प्रमोटरों की नई रैंकिंग, साइट पर उपलब्ध

**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना :** बिहार भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने शनिवार को निबंधित प्रोजेक्ट और प्रमोटरों की नई रैंकिंग जारी की। इसकी शुरुआत जुलाई, 2024 में हुई थी। तब से अभी तक पांच बार रैंकिंग जारी की जा चुकी है। नवीनतम सूची में 15 नवंबर तक उपलब्ध आंकड़ों को ध्यान में रखा गया है। बिहार इस तरह की रैंकिंग देने वाला पहला प्राधिकरण है। इस रैंकिंग को बिहार रेरा की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

रेरा बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा कि प्रमोटरों एवं प्रोजेक्ट की रैंकिंग की शुरुआत करने के बाद अब त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट जमा करने की व्यवस्था में भी सुधार किया गया है, ताकि घर

**प्रोजेक्ट की जानकारी रेरा को देने पर मोबाइल पर मिलेगी घर खरीदारों को अपडेट प्रगति रिपोर्ट चिंता से मिलेगी मुक्ति**



खरीदने वालों को अपडेट जानकारी मिल सके। उन्होंने लोगों से अपील कि जिन लोगों ने किसी निबंधित प्रोजेक्ट में बुकिंग कराई है वे अपने और प्रोजेक्ट से संबंधित कुछ जरूरी सूचनाएं रेरा बिहार की वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराएं। इससे वह अपने प्रोजेक्ट की प्रगति रिपोर्ट घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन पर पा सकते हैं।

बिहार रेरा के अनुसार, रियल एस्टेट प्रोजेक्ट कोसेंट (बीआरक्यू) परियोजनाओं की रैंकिंग निर्माण गति, एकत्र किए गए धन के उपयोग और परियोजना के खिलाफ दर्ज शिकायत मामलों से संबंधित मापदंडों पर आधारित होता है। वहीं प्रमोटरों की रैंकिंग (बीपीक्यू) प्रमोटर के अनुभव, निबंधित परियोजनाओं की संख्या, परियोजनाओं के कार्यों के समयबद्ध पूरा होने और दर्ज मामलों से संबंधित मापदंडों के आधार पर तय किया जाता है।